सार-समाचार

अमृत कलश यात्रा करौली पहुंची

करौली, (निसं)। महाकुंभ अमृत कलश यात्रा कश्मीर से प्रयागराज के लिए रवाना हुई जो यात्रा सोमवार को करौली पहुँची जहा सर्व हिंदु समाज के लोगो ने यात्रा मे चल रहे संतो का सम्मान किया। ज्ञात रहे कि गत 4 जनवरी को यह यात्रा जयपुर गोविंद देवजी मंदिर,गोपीनाथजी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ एक शोभा यात्रा के रूप में निकली गई। जिसमें हवामहल के विधायक बालमुकुंद आचार्य भी शामिल थे इसके बाद यह यात्रा रविवार रात्रि को करौली पहुंची। सोमवार को यह यात्रा प्रात: कलेक्ट्रेट चैराहा से सनातनी प्रेमियों के साथ संकीर्तन करते हुए कलश यात्रा भगवान श्रीमदन मोहनजी के मंदिर में पहुंचकर अमृत कलश की पूजा अर्चना की गई। यात्रा में स्वामी श्रीरुद्रनाथ महाकाल,विशालजी महाराज के नेतृत्व में भाजपा नेता सतवीर चंदीला,रमेश राजोरिया,विपिन शर्मा,जिला प्रचारक नंद सिंह,नगर प्रचारक भीम सिंह,वेद प्रकाश उपाध्याय,मनोज जैन,वैद्य नरेश शर्मा,सर्वब्रह्मण महासभा महिला अध्यक्ष विद्या नरेश वैष्णव,अंजू जादौन,श्याम सुंदर, धीरेंद्र बैंसला,योगेश शर्मा,आशुतोष तिवारी,धर्मेंद्र शर्मा,खीरेंद्र शर्मा,राजेश बजाज,के के सारस्वत,दिलीप, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मदन मोहन पचैरी, राजेंद्र व्यास प्रकाश होटल, राजेश बजाज,कपडा व्यापार संघ के अध्यक्ष विक्की बजाज और उपाध्यक्ष नीरज बजाज महामंत्री सुरेंद्र सिंहल सहित सैकडो कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति इस सेतु बांध अमृत कलश को लेकर आराध्य देव मदन मोहनजी के मंदिर पहुंचे यह कलश यात्रा शारदा पीठ जम्मू कश्मीर से प्रारंभ होकर वहां से 284 तीर्थ स्थलों का जल एकत्रित कर तथा भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों से होते हुए यह अमृत कलश यात्रा इस बार आयोजित हो रहे महाकुंभ में पहुंचेगी इस अमृत कलश यात्रा का उद्देश्य एक भारत,नेक भारत,सबल भारत,सशक्त भारत,एकजुट भारत ऐसा ऐसी परिकल्पना के साथ यह अमृत कलश यात्रा 11 जनवरी को प्रयागराज पहुंचेगी इस पवित्र अमृत कलश यात्रा के उद्देश्य से महाराज श्रीरुद्रनाथ महाकाल, विशालजी महाराज तथा उनके साथ आचार्य बर्थ विश्व कल्याण की कामना के साथ सर्वे भवंतु सुखिन: कि कल्पना के साथ वसुदेव कुटुंबकम के विचार के साथ इस अमृत कलश यात्रा को लेकर बढ़ रहे हैं।

पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित

सूरौठ, (निसं)। कस्बे के आराध्य देव बूढंदे बाबा मंदिर परिसर में सोमवार को सर्व समाज के सहयोग से पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौष मास की सप्तमी के अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में श्रद्धा का सैलाब उमड पडा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। कार्यक्रम में हिंडौन विधायक अनीता जाटव ने भी शिरकत की तथा प्रसादी वितरण में सहयोग किया। इस मौके पर मंदिर परिसर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे बूढंदे बाबा मंदिर में भोग लगाकर किया गया। इसके पश्चात देर शाम तक प्रसादी वितरण का दौर चला। बताया गया कि मंदिर परिसर में चार भट्टियों पर प्रसादी तैयार की गई। प्रसादी पाने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। कार्यक्रम में दोपहर बाद पहुंची क्षेत्रीय विधायक अनीता जाटव का कांग्रेस के सूरौठ मंडल अध्यक्ष बत्तू मेंबर, हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, जिला कांग्रेसकमेटी के महासचिव विश्राम मीणा सहित सर्व समाज के लोगों ने सम्मान किया तथा विभिन्न जन समस्याओं के बारे में अवगत कराया। कस्बे के लोगों ने विधायक जाटव से बूढंदे बाबा मंदिर में एमएलए कोटे से इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण करवाने एवं शौचालय बनवाने की मांग की। विधायक ने जल्द ही मागों को पूरा करवाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र मावई का भी साफा एवं माला पहनकर सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह आयोजित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। हिण्डौन उपखण्ड की ग्राम पंचायत मण्डावरा की ढाणी बड़ का पुरा में युवा विकास समिति बड़कापुरा द्वारा नव वर्ष एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हिण्डौन विधायक अनीता जाटव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. रविन्द्र, चंद्रपाल, विनीता, अनुष्का शिक्षक पवन को राजकीय सेवा में चयनित होने एवं मेधावी छात्राएं पायल जिसने कक्षा 10 वीं में 93 प्रतिशत 12 वीं में साक्षी 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विधायक अनीता जाटव द्वारा सम्मानित किया गया। समस्त ग्रामीणों द्वारा विधायक अनीता जाटव को शॉल उढ़ाकर ,फूलो की मालाएँ पहनाकर जोरदार स्वागत कर गया । ठामीणों ने बंद रास्ता, श्मशान भूमि व गांव में लाइब्रेरी की स्थापना के बारे में विधायक अनीता जाटव को ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया । विधायक ने उक्त समस्त समस्याओं के निवारण हेतु आश्वासन दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन गोपाल पटवारी, शिक्षक रामप्रवेश ने किया।

महिलाओं को बांटे कम्बल

गंगापुर सिटी, (निसं)। समीपवर्ती ग्राम बाढ कोयला स्थित रामदेव बाबा के मन्दिर पर सोमवार को समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान कन्हैया लाल बेरवा की ओर से सर्व समाज की महिलाओं को 23० कंबलों का वितरण किया गया। पूर्व प्रधान बैरवा ने बताया कि शंकरदास महाराज के आदेश अनुसार ग्राम कोयला, सारंगपुरा, बाढ कोयला, बैरवा बस्ती लोंगरीपुरा, बाढ कोयला, बाढ ठाकुरनका गहनोली, गहनौली पट्टी, धोधुपुरा, करोली फाटक गंगापुर सिटी, ताजपुर, सोप, त्रिलोक नगर, राधेकी, खूंटला एवं बामनवास की सर्वसमाज की विधवा महिलाओं को एक एक कम्बल एवं एक सौ रूपये दिए गये तथा साधु महात्माओं एवं पण्डितों को भी एक कम्बल एवं एक सौ रूपये दिए गए। कम्बल वितरण के दौरान नमोनारायण मीणा कोयला श्रीलाल मीना सरपंच खेमराज मीना गोपाल मीना नेमीचन्द्र पटेल भरतलाल बैरवा बाबूलाल बैरवा कैलाश बैरवा एवं बामनबास से चेतराम बैरवा तुलसी राम बैरवा गहनोली से राजू बैरवा दौजीराम बैरवा पुजारी गजराज बैरवा छाण परशुराम बैरवा राणीला बाबूलाल बैरवा त्रिलोक नगर सहित सर्वसमाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

घनश्याम जिलाध्यक्ष मनोनीत

हिंडौन सिटी, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुप्ता ने राजस्थान राज्य के करौली शहर निवासी व्यवसाही एवं समाजसेवी घनश्याम गुप्ता को फाउंडेशन का करोली जिले का कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

गुरु गोविंद सिंह साहिब का प्रकाश पर्व मनाया

- गुरूद्वारा में हुआ भजन कीर्तन, लोगों ने मत्था ठेका
- कीर्तन दीवान में दिल्ली से गुरदयाल सिंह, राजेन्द्र सिंह खालसा और कुलदीप सिंह ने किया कीर्तन गायन

भरतपुर/गंगापुर सिटी, (निसं)। सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह का आगमन पर्व बड़ी श्रद्धा भाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीगुरु सिंह सभा के सचिव सरदार चरणजीत सिंह भाटिया के अनुसार गुरुद्वारा पाई बाग भरतपूर में सोमवार सुबह 7 बजे से ही कार्यक्रम आरम्भ हो गए थे। अखंड पाठ की समाप्ति पश्चात कीर्तन समागम आरम्भ हो गए थे।

समागम में दिल्ली से पधारे भाई गुरदयाल सिंह एवं भाई राजेंद्र सिंह खालसा ओर भाई कुलदीप सिंह ने वीर रस में कीर्तन गायन किया। श्रीगुरु हरिकिशन स्कूल के छात्रों ने शाही शहंशाह गुरु गोविंद सिंह रूहक हख अगा गुरु गोबिंद सिंह शब्द गायन कर भाव विभोर कर दिया। सभा प्रधान सरदार इंदरपाल सिंह ने सभी नगर वासियों को गुरुपर्व की बधाई दी। इस अवसर पर सभी धर्मों के सैकड़ों श्रधालुओ ने लंगर ठाहण किया। सचिव सरदार चरणजीत सिंह भाटिया द्वारा कार्यक्रम संचालन किया गया। इसी प्रकार गुरूद्वारा श्री संत बाबा नत्था सिंह गली चौदह महादेव भरतपुर में ग्वारिया सिख समाज द्वारा गुरू गोविंदसिंह का 358वां प्रकाश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस प्रकाश उत्सव के दौरान 4 जनवरी को श्री अखण्ड पाठ साहिब जी का पाठ आरम्भ किया गया व प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। 5 जनवरी को अखण्ड पाठ साहिब जी का मध्य व कीर्तन दीवान सजाया गया व अटूट लंगर भी बरताया गया और 6 जनवरी को अखण्ड पाठ साहिब जी का भोग व कीर्तन दीवान भाई कुलदीप सिंह, भाई संजय सिंह द्वारा सजाया गया और उसके उपरान्त अटूट लंगर भी बरताया गया। इस अवसर पर प्रधान भजन सिंह किरणोत, जनरल सैक्रेट्री जगदीश सिंह, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह खिमानी, उप प्रधान राजपाल सिंह 'राजू', रंजीत सिंह, पूर्व प्रधान सतपाल सिंह खिमानी, जिलाध्यक्ष विजय सिंह, शहर अध्यक्ष जसपाल सिंह एडवोकेट, महेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, मास्टर लाल सिंह, दिलीप सिंह, संतोक सिंह, रामसिंह, जसवंत सिंह, जगदीश सिंह, बलवंत सिंह 'बल्लू' आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गंगापुर सिटी संवाददाता के अनुसार : स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक सभा में सोमवार को गुरु गोविंद सिंह महाराज का प्रकाशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर दीवान सजाया। बडी संख्या में लोगों ने गुरुग्रंथ साहिब के सम्मुख महिला व पुरुषों ने मत्था टेका। हजूरी रागी जत्थों ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारे के सेवादार गुलशन नागी ने बताया कि पिछले कई दिनों से समाज के लोगों के द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुरुद्वारे तक प्रभातफेरी निकाली जा रही थी, जिसका विधिवत समापन हो गया।

इसमें समाज की महिलाएं, पुरुष और बच्चे भजन कीर्तन करते हुए शामिल हुए। कीर्तन के दौरान नागी ने कहा कि सिर्फ ईश्वर पर भरोसा करो। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि संसार की चीजें ईश्वर से मत मागों, कृपा मांगो, ईश्वर की कृपा हमेशा श्रद्धालुओं को मिलेगी। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारे में आयोजित किए जा रहे पाठ भी सोमवार को समाप्त हो गए। इसके बाद यहां आरती व भजन कीर्तन और गुरु गोविंदसिंहजी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। दोपहर 12 बजे अरदास की गई। अमन चैन की उपरांत लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चों ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व समाज द्वारा पर्व को लेकर गरुद्वारा साहिब को फूलों से आकर्षक सजावट कर श्रृंगार किया गया। साथ ही रोशनी से भी सजावट की गई। गुरुद्वारे के सेवादार गुलशन नागी ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी सिखों के दसवें गुरु है और गोविंद सिंह महान समाज सुधारक तथा अप्रमित योद्धा थे।

बयाना संवाददाता के अनुसार : सिख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह का तीन सौ उनसठवां प्रकाश उत्सव कस्बा बयाना में उनके अनुयायियों व अन्य लोगों की ओर से श्रद्धा व उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बयाना कस्बे के मुख्य गुरुद्वारा में गुरु सिंह सभा की ओर से विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए। सिंह सभा के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह मग्गो ने बताया कि इस अवसर पर शबद कीर्तन, गुरु ठांथ साहिब के पाठ व गुरबाणी एवं महिला कीर्तन आदि कार्यक्रमों के आयोजन हुए तत्पश्चात गुरु के अटूट लंगर का भी आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में सभी लोगों ने एक साथ पंगत की संगत में बैठकर भोजन प्रसादी पाई और बताया कि सिख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह के त्याग तपस्या और बलिदान को कभी नहीं बुलाया जा सकता। देश व धर्म की रक्षा के लिए उनका पूरा परिवार शहीद हो गया था। इस अवसर पर गुरुद्वारा में बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे भी गूंज उठे थे।

रेन बसेरों का किया निरीक्षण

भररपुर, (निसं)। शहर में बढती सर्दी एवं शीत लहर के प्रकोप के दृष्टिगत शहर स्थित रैन बसेरों में आमजन को सुलभ सुविधाओं की जांच हेतु अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी ने रविवार रात्रि को जनाना हॉस्पिटल, आरबीएम हॉस्पिटल, हीरादास बस स्टैंड स्थित एवं रेलवे स्टेशन रैन बसेरों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

अतिरिक्त कलक्टर शहर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पर्याप्त मात्रा में रजाई गद्दे कंबल विद्युत आपूर्ति हीटर इत्यादि की समुचित व्यवस्था हेतु निर्देश प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि रात्रि में कोई भी निराश्रित व्यक्ति आने पर तत्काल गेट खोले जाये एवं ठंडक व सर्दी से बचाव के लिए रजाई, गद्दे आदि सुविधाएं मुहैया प्रदान की जाए।

करौली में मिलावट खोर हो रहे सक्रिय

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय स्थित शहर में दूध, घी, मावा, क्रीम, पनीर के नाम पर दुकानदार जहर बेचकर आम आदमी के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा चिकित्सा विभाग के आला अधिकारी बैठते हो लेकिन दुकानदारो के सामने सभी अधिकारी जिला मुख्यालय पर विक रहे जहर के प्रति गंभीर नहीं है गौरतलब यह है कि जिला मुख्यालय स्थित शहर में करीब दो दर्जन दूध डेरी अवैध रूप से संचालित हैं और उन पर क्रीम निकालना और क्रीम का घी बनाना, पनीर बनाना मुख्य कार्य है इसके अलावा शहर में घी बनाने का कारोबार और भी चल रहे हैं जिनके द्वारा शुद्ध देसी घी,पनीर,क्रीम आदि बनाकर शहर कि जनता को महंगे दामों में बेच रहे हैं जबकि हकीकत यह है की शुद्ध घी,क्रीम,पनीर,मावा मिलावट का बेचा जा रहा है पूर्व में चिकित्सा विभाग के फ्रूट इंस्पेक्टर और पुलिस प्रशासन द्वारा देसी घी बनाने,मावा बनाने और पनीर बनाने के कारखाने पर छापे भी मारे हैं जहां से बड़ी मात्रा में मिलावटी घी, मिलावटी मावा, मिलावटी पनीर आदि जप्त किए हैं जो मिलावटी मावा,पनीर, क्रीम जहर का काम करते हैं जिस जहर को दुकानदार लोगों को महंगे दामों पर शुद्ध घी,मावा,पनीर बताकर महंगे दामों में बेचकर आमजन के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं लेकिन इन दिनो चिकित्सा विभाग, जिला प्रशासन के आला अधिकारी जहर बेचने वाले कारोबारीयो के खिलाफ कार्यवाही करने के नाम पर चुप्पी साधे हुए हैं इसके अलावा शहर में ग्वालियर,धौलपुर आदि स्थानों से सिंथेटिक मावा यहां के दुकानदारों के पास बड़ी मात्रा में आता है जो मावा जहर का काम करता है।

सार-समाचार

अवैध हथियारों के साथ एक गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। 6 जनवरी। कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ एक आरोपी को यहां लोको मस्जिद के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी गुर्जर बडौदा निवासी युवराज पुत्र धर्मराज है। पुलिस ने अरोपी के पास से एक पिस्टल, 2 देसी कट्टे व 24 कारतूस जब्त किए है। पुलिस ने बताया कि आरोपी हथियारों की तस्करी करने जा रहा था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नसियां कॉलोनी से रेलवे स्टेशन की तरफ एक युवक आ रहा है। उसे पर लाल रंग का बैग है, जिसमें अवैध हथियार है। पुलिस मुखबिर की सूचना पर जैसे ही मौके पर पहुंची। आरोपी पुलिस को देखकर घबराकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे घेरकर पकड लिया। बाद में पुलिस ने उसकी तलाशी ली, जिस पर उसके पास काफी हथियार मिले। पुलिस ने आरोपी से हथियारों के लाइसेंस के बारे में पूछा, लेकिन उसके पास कोई लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी का भाई रघुराज उर्फ रघु पूर्व में ही बैक डकैती में नीमच जेल में बंद है और यह हथियार भी उसके ही है। पूछताछ में पता चला की आरोपी के भाई रघुराज के खिलाफ नादौती, एयरपोर्ट थाना जयपुर, सपोटरा, दूनी, मंडारवरी, बामनवास में बैंक डकैती, लूटपाट, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे कई मामले दर्ज है और कई मामले न्यायालय में लंबित है। थाना प्रभारी ने बताया कि टीम में एएसआई रामराज, लोकेन्द्र सिंह, रिंकू फतेह व विष्णु कुमार शामिल थे जबकि ऋषिकेश व राजपाल की कार्रवाई में विशेष भूमिका रही।

शिविर में 213 मरीजों की हुई जांच

गंगापुर सिटी, (निसं)। सोमवार को अक्षत आयुर्वैदिक एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वाधान में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 213 मरीज ने चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। इस इस शिविर में श्वसन संबंधी, जोडों के दर्द संबंधित, चर्म रोग, पेट संबंधी, महिला रोग आदि समस्याओं के मरीज देखे गए तथा सभी मरीजों को निशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया। जोडों के दर्द एवं नसों के दर्द तथा घुटनों से दर्द संबंधित मरीजों की निशुल्क फिजियोथैरेपी भी की गई। लैब टेक्नीशियन नरेंद्र राजपूत के द्वारा लोगों की बीपी एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई। अस्पताल के निदेशक डॉ के.के.वैष्णव के द्वारा शिविर में पधारे हुए सभी मरीजों को ज्यादा से ज्यादा आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक दवाईयों का प्रयोग करने की सलाह दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि इन दवाइयां का शरीर पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है तथा बीमारियों को जड से खत्म करने के लिए हमें प्राकृतिक दवाइयां का ही प्रयोग करना चाहिए। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. के. के. वैष्णव, डॉ. अजय शर्मा, फिजियोथैरेपी डॉ. गौरव शर्मा तथा लैब टेक्नीशियन नरेंद्र राजपूत सहित फिजियोथैरेपी सहायक जीतू सैनी, विवेक सैनी आदि ने अपनी सेवाएं दी।

जवाहर नवोदय चयन परीक्षा 18 को

गंगापुर सिटी, (निसं)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जाट बडौदा गंगापुर सिटी में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय स्कूल चयन परीक्षा 18 जनवरी को परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. रमेश बाबू ने बताया कि इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 281० स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। साथ ही परीक्षा को संपन्न कराने के लिए सवाई माधोपुर जिले में आठ परीक्षा केंद्र सवाई माधोपुर में 2, खंडार में 2, बौली में 1, बामनवास में 1, गंगापुर सिटी में 1, मलारनाडूनगर में 1 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नवोदय विद्यालय समिति ने परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी आवेदन ऋमांक और जन्मतिथि के माध्यम से प्रवेश पत्र नवोदय स्कूल समिति की वेबसाइट लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा से संबंधित आवश्यक तैयारियां प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। इसी के साथ हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया जा रहा है। परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए परीक्षा प्रभारी विमल कुमार बागोरिया से और स्कूल में कार्यालय समय पर संपर्क कर सकते हैं। सभी परीक्षार्थी परीक्षा समय से 1 घंटे पूर्व आवश्यक रूप से परीक्षा केंद्र पर पहुंचे।

बाल पाठशाला का वार्षिकोत्सव मनाया

- वार्षिकोत्सव में बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में दी जानकारी

भरतपुर, (निसं)। विजयनगर कॉलोनी निकट हीरा दास भरतपुर में फाउंडर दिगंबर सिंह द्वारा जनसहयोग से संचालित निशुल्क बाल पाठशाला का चतुर्थ वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि भरतपुर पुलिस के डीएसटी टीम प्रभारी मुकेश कुमार रहे।

अतिथियों ने मिलकर महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और दीप प्रज्वलित कर प्रोठाम की शुरुआत की और अपनी उद्बोधन में बाल पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों की हर संभव मदद करने की घोषणा के साथ समाज में बढ़ रहे अपराधों की रोकथाम हेतु बच्चों को बुरे व्यसनों से दूर रहकर शिक्षा से जोड़ने पर ध्यान देने को कहा। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रेम सिंह आर्य व योगेश कुमार एएसआई रहे। जिसमें प्रेम सिंह आर्य ने भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले पर कई शिक्षाप्रद उदाहरण देकर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरणादायक बातें कही। अध्यक्षता बनवारी लाल मालाखेड़ा ने की तथा समारोह का संचालन समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह द्वारा किया गया। समारोह समापन पश्चात पाठशाला संरक्षक प्रेम सिंह अध्यापक द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। आयोजन में कॉलोनीवासियों व देवेंद्र सिंह अध्यापक, सुनील कुमार राठी अध्यापक, एड. ताराचंद पौहिया, भीकम सिंह एलआईसी, पूरन सिंह परनामी, बंटी पीएनबी, रवि बैंक आफ बडौदा, तेज सिंह रिटा. एफसीआई मैनेजर, डॉक्टर शिवांकुर कुमार, देवी सिंह तराना अध्यापक, पवन सिंह कृषि अधिकारी आदि मौजूद रहे।

पाठक बाल साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित

हिंडौन सिटी, (निसं)। साहित्य की प्रतिष्ठित एवं प्राचीन संस्था साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा के राष्ट्रीय बाल साहित्य समारोह में हिंडौन के साहित्यकार कृष्ण बिहारी पाठक को बाल साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।संस्था के प्रधानमंत्री श्याम प्रकाश देवपुरा ने बताया हिंदी पुरोधा, राष्ट्रभाषा सेनानी साहित्य वाचस्पति श्री भगवती प्रसाद देवपुरा की स्मृति में आयोजित इस समारोह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, पुस्तक विमोचन, राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी के साथ साहित्यिक सम्मान प्रदान किये गये। साहित्य मंडल के समारोह में बाल साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए पाठक को यह सम्मान प्रदान किया गया ।नाथद्वारा में आयोजित इस दो दिवसीय समारोह के सत्रों में देशभर के साहित्यकारों ने बाल साहित्य पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किये, अनेक साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन हुआ, काव्यपाठ एवं व्याख्यान हुए। हिंडौन के साहित्यकार कृष्ण बिहारी पाठक ने बाल साहित्य में परीकथाओं की प्रासंगिकता पर अपना व्याख्यान दिया।

जानलेवा है स्मैक लेकिन इसका पुनर्वास संभव : डॉ शर्मा

हिंडौन सिटी, (निसं)। स्मैक जिसे हेरोइन के रूप में जाना जाता है एक अर्ध सिंथेटिक मॉर्फिन उत्पाद है जिसे अफीम (पेपवर सोमानीफेरम) नामक पौधे से प्राप्त किया जाता है। सन 1898 में जर्मन दवा कंपनी बार ने हीरोइन के नाम से इसे बाजार में पेश किया जिसे शुरुआत में दर्द और खांसी के लिए एक आश्चर्यजनक दवा के रूप में प्रचारित किया गया।

समय के साथ स्मैक/ हेरोइन दवा से ज्यादा नशे के पदार्थ के रूप में उपयोग आने लगी और विश्व के लगभग सभी हिस्सों में उसे प्रतिबंधित पदार्थों की श्रेणी में ले लिया गया। 20 वीं शताब्दी के अंत में यह अफगानिस्तान पाकिस्तान और म्यांमार जैसे देशों से तस्करी के माध्यम से भारत में लाया गया ।प्रारंभ में पंजाब एवं दिल्ली जैसे क्षेत्रों से होते हुए अभी देश के सभी हिस्सों में स्मैक की लत से पीड़ित व्यक्ति रहते हैं राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में भी काफी बड़ी संख्या में युवा वर्ग स्मैक की गिरफ्त में आया हुआ है।

धूम्रपान इंजेक्शन या सूंघने के माध्यम से जब इसमें का प्रयोग किया जाता है तो यह तेजी से रक्त में खुलकर हमारे मस्तिष्क में पहुंचता है तथा अफीम में परिवर्तित हो जाता है वहां पहुंचकर यह हमारे मस्तिष्क में म्यू ओपीओड रिसेप्टर को प्रभावित करता है जिससे मस्तिष्क में डोपामाइन का स्त्राव होता है जो खुशी एवं आनंद का अनुभव देता है एवं नियमित उपयोग पर यह हमारे मस्तिष्क में डोपामाइन की निरंतरता की स्थिति को अनिवार्य कर देता है जिससे अत्यधिक नशे की लत की स्थिति पैदा होती है।स्मैक के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव- स्मैक के सेवन के तुरंत बाद शरीर और मस्तिष्क पर कई तात्कालिक (शॉर्ट टर्म) प्रभाव दिखाई देते हैं।

उच्च सुखद अनुभव अत्यधिक आनंद महसूस होना, सांस का धीमा हो जाना जो कि गंभीर मामलों में मृत्यु का कारण भी बन सकता है। धड़कन एवं ब्लड प्रेशर का कम होना,मतली और उल्टी,भूख में कमी,तंद्रा और सुस्ती, अत्यधिक नींद आना, फ़ैसले की क्षमता में कमी तथा निर्णय लेने में असमर्थता, मनोवैज्ञानिक निर्भरता आदि दुष्प्रभाव पैदा होते हैं। लगातार और दीर्घकालिक स्मैक का उपयोग शरीर के हर अंग पर गंभीर प्रभाव डालता है। शारीरिक प्रभाव मस्तिष्क की संरचना और कार्यप्रणाली में बदलाव,स्मृति और सीखने की क्षमता में कमी,स्थायी मानसिक विकार जैसे मनोविकृति (साइकोसिस),पुरानी ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों के संक्रमण,निमोनिया का खतरा,हृदय संबंधी बीमारियाँ, नसों में सूजन और थक्का,गंभीर कब्ज,यकृत और किडनी को दीर्घकालिक क्षित,सुई के उपयोग से /,हेपेटाइटिस और जैसी बीमारियों का खतरा एवं त्वचा संक्रमण और घाव व्यापक रूप से प्रकट होते हैं।

मानसिक प्रभाव जैसे की आक्रामकता और असामाजिकता, अपराध की प्रवृत्ति का बढ़ना,अवसाद और चिंता, आत्महत्या की प्रवृत्ति एवं व्यसन और निर्भरता की स्थिति उत्पन्न होती है। उपयोग बंद करने पर गंभीर निकासी लक्षण दिखाई देते हैं, जैसे

मांसपेशियों में दर्द, बुखार और ठंड,अनिद्रा, पसीना, बेचैनी व्याकुलता, अनियंत्रित कंपकंपी,गंभीर मामलों में दौरे तथा स्मैक लिए कुछ भी कर गुजरने की स्थिति में व्यक्ति पहुंच जाता है। गर्भवती महिलाओं में गर्भपात का खतरा,समय से पहले प्रसव, नवजात शिशुओं में निर्भरता,जन्म के समय कम वजन जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। स्मैक का समाज में बढ़ता हुआ चलन सार्वजनिक स्वास्थ्य पर संकट पैदा करता है